# केंद्रीय विद्यालयसीतापुर

## आवधिक परीक्षा -1

विषय -हिंदी　　कक्षा- 9　　अवधि- 1:30 घंटे　　पूर्णांक 40

टिप्पणी :　सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख दिए गए हैं।

---

1- पद्यांश को पढ़ कर नीचे दिये प्रश्नो का उत्तर दीजिये　　1*5=5

या लकुटी अरु कामरिया पर राज तिहु पुर को तजि डारौं
आठहुं सिद्धि नवौ निधि कै सुख नन्द की गाइ चराई बिसारौं
रसखान कबौं इन आखिन सौं ब्रज के बन बाग तड़ाग निहारौं
कोटिक ए कलधौत के धाम करील के कुंजन ऊपर वारौं ।

प्रश्न -i)- कवि और कविता का नाम लिखिए?

ii)-कवि ने तीनों लोकों का राज किसके लिए त्यागने की बात कही है?

iii)-नन्द की गायें चराने का सुख प्राप्त करने के लिए कवि क्या न्योछावर करना चाहता है?

iv)-कवि को किसके दर्शन की कामना है?

v)-कवि ब्रज में रहने के बदले सब कुछ क्यों त्यागना चाहता है?

2- गदयांश को पढ़ कर नीचे दिये प्रश्नो का उत्तर दीजिये-　　1*5=5

दूसरे दिन हम घोड़ो पर सवार होकर ऊपर की ओर चले डांडे से पहिले एक जगह चाय पी और दोपहर के वक्त डांडे के ऊपर जा पँहुचे । हम समुद्रतल से 17-18 हजार फीट ऊंचे खड़े थे। हमारी दक्खिन तरफ पूरब से पश्चिम की ओर हिमालय के हजारो श्वेत शिखर चले गए थे । भीटे की ओर दीखने वाले पहाड़ बिल्कुल नंगे थे, न वहाँ बरफ की सफेदी थी,न किसी तरह की हरियाली। उत्तर की तरफ बहुत कम बरफ वाली चोटियाँ दिखाई पड़ती थीं । सर्वोच्चस्थान पर डांडे के देवता का स्थान था, जो पत्थरों के ढ़ेर, जानवरों की सींगो और रंग-बिरंगे कपड़े की झंडियो से सजाया गया था ।

**प्रश्न :-**

I. इनमे से कौन सा कथन `डांडे` की विशेषता प्रकट कर रहा है ?

(क) डांडे खूबसूरत पर्यटक स्थल है　　(ख) डांडे पहाड़ की खूबसूरत घाटियों में स्थित है

(ग) डांडे एक शहर है　　(घ) डांडे समुद्र तल से 17-18 हजार फीट ऊँचा है

II. लेखक उस समय कहाँ की यात्रा पर था ?

(क) चीन (ख) नेपाल (ग) तिब्बत (घ) भूटान

III. उत्तर की ओर दिखने वाली चोटियाँ कैसी थी ?

(क) बर्फ विहीन (ख) बर्फ से ढँकी (ग) हरे-भरे पेड़ो के युक्त (घ) घास से ढका हुआ

IV. देवता के स्थान को सजाया जाना लोंगों की किस भावना की ओर संकेत करता है ?

(क) अंधविश्वास का (ख) धार्मिक प्रवृत्ति का (ग) कला प्रियता का(घ) समरसता का

V. उपर्युक्त गदयांश के पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए ।

3- निम्नमें से किन्हीं चार प्रश्नो का उत्तर दीजिये - 3*4=12

i)-किसान जीवन वाले समाज में पशु और मनुष्य के आपसी संबंध को कहानी में किस तरह व्यक्त किया गया है?

ii)आज की उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे दैनिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित कर रही है?

iii)वस्तुओं को खरीदने का आधार उसकी गुणवत्ता होनी चाहिए या उसका विज्ञापन?

iv)-कवयित्री द्वारा मुकि के लिए किए जाने वाले प्रयास व्यर्थ क्यों हो रहे हैं?

v) -कबीर ने ईश्वर-प्राप्ति के लिए किन प्रचलित विश्वासों का खंडन किया है ?

4- सहायक पुस्तक 'कृतिका' से निम्न प्रश्नो का उत्तर दीजिये - 3*2=6

i) -बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे ?

ii) लेखिका ने अपने नानी को कभी देखा भी नहीं फिर भी उनके व्यक्तित्व से क्यों प्रभावित थी?

5-निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग पृथक कर मूल शब्द भी लिखिए । 1*2=2

अपमान , अधिगम

6-निम्नलिखित शब्दों का विग्रह कीजिए और समास का नाम लिखिए - 1*2=2

नीलकमल , दशानन

7- अलंकारों की पहचान कीजिए- 1*3=3

क) संतौ भाई आई ग्यान की आँधी रे!

ख) कोटिक ए कलधौत के धाम करील के कुंजन ऊपर वारौं

ग) या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी।

8-चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए । 5